मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / एम.आई.एस. / वेबसाईट / 2019–20 / 1290 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल / नर्मदापुरम / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / चम्बल / सागर / जबलपुर / रीवा
(म0प्र0)

(02) भारसाधक अधिकारी / सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
समस्त जिला समस्त (म0प्र0)

विषयः–मण्डी बोर्ड की वेबसाईट पर जानकारियों को दर्ज कर अद्यतन रखने संबंधी।

–0–

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट **www.mpmandiboard.co.in** को **Madhya Pradesh Agriculture Marketing activites at a Glance** की तर्ज पर एक पोर्टल के रुप में विकसित किया जा रहा है, इस नव विकसित पोर्टल पर कार्य सम्पादन के लिये प्रत्येक मण्डी समिति के सचिव को **User name** एवं **Password** का क्रियेशन कर उपलब्ध कराये गये हैं।

01/ प्रदेश की मण्डी समितियों की निम्नानुसार जानकारियों को सीधे मण्डी स्तर से दर्ज करने एवं अद्यतन करने की सुविधा उपलब्ध है :–

अ/ प्रदेश की मण्डी समितियों के अंतर्गत स्थापित हाट बाजारों की सूची एवं उनके लगने का दिन।

ब/ मण्डी समितियों में स्थापित कम्प्यूटर अधोसंरचनाओं की प्रविष्टि।

स/ मण्डी समितियों के कम्प्यूटर कार्य में प्रशिक्षित कर्मचारियों की जानकारी एवं उन्हें आवंटित कार्य का विवरण।

उपरोक्त तीनों जानकारियॉ को दर्ज/अद्यतन करने संबंधी निर्धारित स्कीन क्रमशः परिशिष्ट–01, 02 एवं 03 पर संलग्न है। पोर्टल पर ही मण्डी सचिव के सत्यापन उपरांत यह जानकारी नव विकसित वेबसाईट पर दैनिक रुप से प्रदर्शित होगी। मण्डी सचिव से सत्यापन न होने की स्थिति में यह जानकारी पोर्टल पर तो जुड़ जायेगी परन्तु प्रदर्शित यथा दिखाई नहीं देगी अर्थात मण्डी सचिव के द्वारा पोर्टल पर दर्ज जानकारियों का सत्यापन किया जाना अनिवार्य है।

समस्त मण्डी सचिवों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी मण्डी के कम्प्यूटर कार्य में प्रशिक्षित मण्डी कर्मी की मदद से उपरोक्त तीनों जानकारियों को मण्डी बोर्ड की नव

विकसित वेबसाईट पर अपडेट यथा अद्यतन करने की कार्यवाही तत्काल पूर्ण करायें एवं अंचल की जिन मण्डियों के द्वारा जानकारी दर्ज ही नहीं की है वे मण्डियॉ 10 दिवस की समय सीमा में पोर्टल पर अनिवार्य से जानकारी दर्ज कराने की कार्यवाही पूर्ण करें। यदि उन्हें इस कार्य में कोई कठिनाई आती है तो वे श्री संदीप कुमार चौबे, चीफ प्रोग्रामर, मण्डी बोर्ड भोपाल के मोबाईल नंबर 94256 05243 पर सम्पर्क कर समाधान कर सकते हैं।

02/ समस्त आंचलिक कार्यालयों के द्वारा अपने अंचल की मण्डी समितियों से दर्ज होने वाली उपरोक्त जानकारियों को यथा समय दर्ज, अद्यतन एवं सुधार संशोधन कराने संबंधी कार्य का पर्यवेक्षण (मॉनिटर) नियमित रुप से किया जावेगा एवं पोर्टल से स्वतः जनित मण्डीवार रिपोर्टस नियमित रुप से अपने संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालय को समीक्षा हेतु उपलब्ध करायेंगे। साथ ही अपने अंचल की जानकारियॉ मण्डी बोर्ड की वेबसाईट पर पूर्ण रुपेण अद्यतन रखेगें।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी—5/2/एम.आई.एस./वेबसाईट/2019—20/1291 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

**प्रतिलिपिः—सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

(01) अपर संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) श्री मुकेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल।

(03) श्री कुलदीप सिंह चौहान, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल।

(04) संयुक्त संचालक (नियमन)/सहायक संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0) :—उपरोक्तानुसार रिपोर्टस की प्राप्ती कर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

(05) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।


अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

**परिशिष्ट–01**


## प्रदेश की मण्डी समितियों के अंतर्गत स्थापित हाट बाजारों की सूची एवं उनके लगने का दिन –

**अपने वेब ब्राउजर पर लॉगिन करें – http://mpmandiboard.co.in**




संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रेग्रामर

**प्रदेश की मण्डी समितियों के अंतर्गत स्थापित हाट बाजारों की सूची एवं उनके लगने का दिन – अपने वेब ब्राउजर पर लॉगिन करें – http://mpmandiboard.co.in**





संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रेग्रामर


—0—

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

**परिशिष्ट–02**


**प्रदेश की मण्डी समितियों में कम्प्यूटर अधोसंरचना की जानकारी दर्ज करने संबंधी – अपने वेब ब्राउजर पर लॉगिन करें –** http://mpmandiboard.co.in




Sandeep
संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रोग्रामर

**प्रदेश की मण्डी समितियों में कम्प्यूटर अधोसंरचना की जानकारी दर्ज करने संबंधी –**
**अपने वेब ब्राउजर पर लॉगिन करें –** [http://mpmandiboard.co.in](http://mpmandiboard.co.in)





—0—


Sandeep
संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रेग्रामर

**परिशिष्ट–03**

**मण्डी समितियों के कम्प्यूटर कार्य में प्रशिक्षित कर्मचारियों की जानकारी एवं उन्हें आवंटित कार्य का विवरण –**

**अपने वेब ब्राउजर पर लॉगिन करें –** http://mpmandiboard.co.in









संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रेग्रामर

मण्डी समितियों के कम्प्यूटर कार्य में प्रशिक्षित कर्मचारियों की जानकारी एवं उन्हें आवंटित कार्य का विवरण –

अपने वेब ब्राउजर पर लॉगिन करें – http://mpmandiboard.co.in




Sandeep
संदीप कुमार चौबे
चीफ प्रोग्रामर

—0—